दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 330 मेरठ, शुक्रवार 18 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........







## सांसद संजय सिंह के बयान का विरोध, छात्रों ने फूंका पुतला



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि को लेकर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के बयान पर विरोध जारी है। गुरुवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के गेट बाहर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने संजय सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। छात्र नेता विनीत चपराना के नेतृत्व में छात्रों ने सांसद संजय सिंह का पुतला फूंका। उनके बयान को राजनीतिक लाभ लेने वाला बताया। जिसमें सांसद संजय सिंह ने राम जन्म भूमि खरीद में घोटाले का आरोप लगाया था। छात्र नेता विनीत चपराना ने कहा कि राम मंदिर किसी एक संस्था, संगठन या किसी एक राजनीतिक दल का विषय नहीं है। मंदिर से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। सांसद ने गलत बयानी कर लोगों की भावना से खिलवाड़ किया है। छात्रों ने चेताया कि संजय सिंह अगर मेरठ आए तो उनका मुंह काला किया जाएगा।

## रेलवे बोर्ड के मैंबर अंकित ने किया सिटी स्टेशन का निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ रेलवे बोर्ड के मैंबर अंकित चौधरी ने गुरूवार को मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने पूरे स्टेशन का पैदल-पैदल भ्रमण कर स्टेशन अधीक्षक आरपी सिंह को साफ सफाई आदि के निर्देश दिये। मीडिया से वार्ता करते हुए अंकित ने कहा कि उनका प्रमुख प्रयास यही रहेगा की दिन के समय मेरठ से लखनऊ के लिये एक ओर ट्रेन चले तथा माता के दरबार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये जम्मू तवी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाये जाये। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक आरपी सिंह, राज चौधरी व सौरव शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश से शहर जलमग्न, खुली नगर निगम की पोल



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** बारिश से जहाँ मेरठ की जनता को गर्मी से निजात मिली हैं वही बारिश से शहर जलमग्न हो गया बारिश ने नगर निगम की पोल को खोल के रख दिया है जो नगर निगम लगातार सफाई के दावे कर रहा था वही दावे हवा हवाई हो गए नाले चोक और सड़कों पर जलभराव होने से मेरठ की जनता को बहुत कड़ाई का सामना करना पड़ा जिस तरह लगातार बारिश हो रही है वही दूसरी ओर नाले चौक पड़े हैं रोडो पर बारिश शहर जलमग्न हो गया वहीं बारिश से मौसम गर्मी में गिरावट भी आई है और तेज हवाओं के साथ बारिश लगातार रुक-रुक कर होती रही हैं वहीं वार्ड 60 में टूटी सड़कों वह पानी से भरे गड्ढे रोड पर होने के कारण बहुत जगह लोग गिर भी पड़े, वार्ड 60 के पार्षद नीरज का कहना है कि नगर निगम से रोड बनने के लिए प्रस्ताव पास हो गया है जल्द ही सड़के बना दी जायेगी

## केएमसी अस्पताल के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सीएमओ का किया घेराव

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के बागपत रोड स्थित केएमसी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सपा नेता पवन गुजर के साथ पीड़ित लोगों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पीड़ित लोगों ने केएमसी हश्वस्पिटल पर कई गम्भीर आरोप लगाए .इस दौरान पवन गुजर ने कहा कि अस्पताल पर कार्रवाई नहीं की तो अब आंदोलन उग्र होगा।उन्होंने कहा कि अस्पताल के ही एक पूर्व कर्मचारी ने मरीजों को कम अश्वक्सीजन देने के आरोप लगाए थे, तब से इस बारे में शिकायतें की जा रही हैं। सीएमओ भी आरोपों की जांच करा रहे हैं। लेकिन अभी तक अस्पताल के खिलाफ कोई भी



कार्रवाई नहीं की गई है सपा नेता पवन गुर्जर के साथ आए पीड़ित लोगों ने भी अपनी आपबीती बताई और सीएमओ से अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नगर निगम मुख्य अभियंता निर्माण को ज्ञापन सौंपा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कासमपुर व्यापार संघ के तत्वधान में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर निगम के मुख्य अभियंता निर्माण श्री यशवंत कुमार को ज्ञापन सौंपा कासमपुर व्यापार संघ संरक्षक भाजपा नेता संजीव मंगवाना ने बताया के वार्ड नो के अंतर्गत नंदपुरी कासमपुर की नालियां तथा सड़के टूटी होने के कारण बारिश में जलभराव की स्थिति बनी रहती है जिस कारण महिलाओं बुजुर्गो और बच्चों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है कासमपुर व्यापार संघ के महामंत्री पिंटू सिंह ने मुख्य अभियंता से कासमपुर बाजार की मुख्य सड़क निर्माण कराने की मांग की कासमपुर व्यापार संघ के अध्यक्ष सुरेश लोधी ने पूर्वा अहिरान की सूट गलियां तथा टूटी हुई नाली निर्माण कराने का आग्रह किया क्योंकि पूर्वा अहिरान में हमेशा जलभराव रहता है इसकी सूचना कई बार नगर निगम अधिकारियों को दी जा चुकी है परंतु आज तक अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली है ज्ञापन देने वालों में भाजपा नेता संजीव मंगवाना सुरेश लोधी पिंटू सिंह हंसराज गुंजन ललित लाखवान श्यामसुंदर गोयल राहुल लोधी मोहनलाल कदम अरुण चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## एमडी पावर से मिले संयुक्त व्यापार संघ पदाधिकारी




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ संयुक्त व्यापार संघ पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को एमडी पावर अरविन्द मल्लपा बंगारी से मिला तथा उन्हे लॉकडाउन के दौरान व्यापारियों की बिजली बिल संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि लॉकडाउन अवधी के दौरान व्यापारियों का बिजली बिलों पर सर्विस चार्ज समाप्त किया जाये। इसके अलावा भी उन्होने कई बिन्दुओं को उठाया। एमडी पावर से मिलने वालों में कमल ठाकुर, सरदार दलजीत सिंह, नीरज त्यागी, सुधीर रस्तौगी, सुधीर अग्रवाल, सुधांशु महाराज, आदि थे।

# भगवान शिव युवा समीति के सदस्यों द्वारा किया पौधा रोपन



मेरठ दर्पण-बागपत। ग्सिंघावली अहीर गांव में भगवान शिव युवा समीति के सदस्यों द्वारा पौधा रोपन किया गया। समिति अध्यक्ष ने बताया कि यह पौधारोपन कार्यक्रम अगले एक सप्ताह तक चलाया जायेगा। जिसके अंतर्गत पूरे गाँव में पौधारोपन किया जायेगा। आज के आधुनिक युग में भी पूरा विश्व कोविड -19 जैसी महामारी से पीडित है। इसी को देखते हुए पर्यावरण सुरक्षा और सौंदर्य करण के अंतर्गत यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आम, जामुन, अमरूद, आँवला, पीपल, बरगद, नीम, शीशम, चकरेसिया, सोंजनी जैसे फल एवं छायादार 2100 पौधों को लगाया जायेगा। कार्यक्रम में युवाओ के साथ- साथ गाँव के बुजुर्गो ने भी बढचड कर भाग लिया। इस दौरान दुष्यन्त शर्मा, अमित यादव, श्रीशांत शर्मा, मनु यादव, अंकित शर्मा, चुन्नु, मुन्नु आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# योग से बढती है सकारात्मकताः डा. मुछाल



डा राजीव गुप्ता

मेरठ दर्पण-बागपत। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड, लखनऊ द्वारा सात दिवसीय योग प्रशिक्षण वर्चुअल वर्कशॉप के छठे दिवस प्रार्थना के पश्चात भारत स्काउट गाइड नई दिल्ली के निदेशक श्री राजकुमार कौशिक जी ने योग प्रतिभागियों को संबोधित किया ।

योग प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय योग दिवस प्रोटोकाल के अनुसार बैठक पेट के बल लेटकर एवं पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास वरिष्ठ लीडर ट्रेनर श्री राम ष्ण शर्मा एवं रोवर लीडर डाद्व महेश कुमार मुछाल द्वारा कराया गया। श्री राम ष्ण शर्मा जी ने आसनों का अभ्यास कराते हुए बताया कि बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन से हमारा पैर लचीले होते हैं। वज्रासन से पाचन संस्थान की वि ति दूर होती है। साथ ही इस आसन को भोजन करने के पश्चात भी किया जा सकता है। उष्ट्रासत के करने से कमर लचीली होती है एवं फेफड़ों को पूरी ऑक्सीजन मिलती है। भुजंगासन का अभ्यास कराते हुए बताया कि इससे मेरुदंड स्वस्थ होता है। कमर दर्द में बहुत ही उपयोगी आसन है। उत्तानपादासन पाचन संस्थान को ठीक करता है साथ ही बार बार नाभि का डिगना भी ठीक हो जाता है । वह पूरी तरह से इस आसन के करने से ठीक हो जाती है। पवनमुक्तासन के करने से शरीर में वायु संबंधी समस्या नहीं होती। पवनमुक्तासन के करने से शरीर में कहीं पर भी वायु होती है तो पूरी तरह से मुक्त हो जाती है। वक्रासन के करने से पेनक्रियाज पूरी तरह से एक्टिवेट होता है । सक्रिय होता है जिससे मधुमेह की समस्या से मुक्ति मिलती है। डॉक्टर मुछाल ने बताया कि नियमित योगाभ्यास के करने से हमारे विचार शु) होते हैं और मन जब पूरी तरह से शांत होता है तो उसमें सकारात्मकता आती है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना तिवारी गाइड कमिश्नर के द्वारा किया गया। महेश कुमार ने आयुष मंत्रालय की प्रोटोकॉल के अनुसार खडे होकर किए जाने वाले वाले आसन ताड़ासन वृक्षासन एवं अर्द्ध चक्रासन का अभ्यास कराया। स्टेट गाइड कमिश्नर ललिता प्रदीप, वरिष्ठ योग प्रशिक्षक डॉक्टर भी इस्लाम, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर आईटी अदनान हाशमी ने सभी को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सत्र की जानकारी दी। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रादेशिक संगठन आयुक्त राजेंद्र सिंह हंसपाल, प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त गाइड देवकी शोभित ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# दौराला मंडल महामंत्री का दायित्व नवाब सिंह को सौंपा



मेरठ दर्पण-मेरठ। भाजपा दौराला मंडल में चौधरी धर्म कांटे पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लेकर दौराला मंडल महामंत्री का दायित्व नवाब सिंह को दिया गया। जिला अध्यक्ष अनुज राठी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान, क्षेत्रीय सरधना विधायक संगीत सोम, कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन मनिंदर पाल सिंह, जिला महामंत्री अंकुर मुखिया आदि ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान संजय नामदेव,रवि चौधरी,रवि पुनिया, विनोद प्रजापति, कैलाश शर्मा, सतवीर पाल, मीनाक्षी धड़ियाना,रामवीर अहलावत,मनोज शर्मा,अमरदीप अहलावत,बुलन्द वाल्मीकि, ललित सैनी,प्रद्युम्न जैन, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# 51 ऑक्सीजन देने वाले पीपल, अर्जुन, बरगद के पौधे लगाएं

मेरठ दर्पण-मेरठ। वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा पर महाप्रबंधक वैभव शर्मा के नेतृत्व में 51 ऑक्सीजन देने वाले पीपल- अर्जुन - बरगद के पौधे लगाएं सभी को अपने आसपास वृक्ष लगाने चाहिए जिससे वहां का वातावरण शुद्ध हो और सभी को ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिले वृक्ष लगाने के साथ ही प्रबंधक वैभव शर्मा ने सादगी के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान साथ रहे उप निरीक्षक रितुराज , सुरक्षा अधिकारी मनिंदर विहान, अश्विनी चौहान, शैलेंद्र राठौड, मारकोलाइन मैनेजर अनुज सोम, आलोक पांडे, प्रमोद चौहान, ओंकार सिंह, मनोज कुमार, राणा प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



## वैक्सीनेशन

कोरोना आया है काल बनकर,
उजाडे इसने लाखो घर-परिवार।
वैक्सीनेशन करा लो सब नर-नारी,
यही है एक सुरक्षित उपचार।।
बड़े बड़े वैज्ञानिको,डॉक्टरों ने,
परीक्षण कर वैक्सीन बनाई।
कोरोना से जीवन रक्षण को,
वैक्सीनेशन ही जरूरी दवाई ।।
कराकर ऑनलाइन पंजीकरण,
नियत समय पर सेंटर पर जाओ।
घबराहट चिंतन सब त्याग कर,
वैक्सीनेशन जरूर कराओ।।
मत भूलो,यह कोरोना महामारी,
आमजन,खास सब पर है भारी।
सबको अपना जीवन बचाने को,
वैक्सीनेशन कराने में ही समझदारी।।
अगर नहीं कराओगे वैक्सीनेशन,
कोरोना के कालचक्र में फँस जाओगे,
डालकर परिवार को मुसीबतों में,
स्वयं इतिहास बन जाओगे।।


अमित गोयल



(सहायक अध्यापक) प्राथमिक विद्यालय निवाड़ा बागपत उत्तर प्रदेश

# शोभित विश्वविद्यालय में पंच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योगा शिविर की शुरुआत

## ❑ योग हमें गंभीर नहीं बल्कि अनुशासित बनाता है: पदम श्री भारत भूषण




मेरठ दर्पण-मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योगा शिविर की ऑनलाइन शुरुआत की गई जिसका उद्घाटन वैश्विक योगा गुरु पदम श्री भारत भूषण द्वारा किया गया। योगा शिविर की शुरुआत में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि यह 7 साल की ऐसी यात्रा है जिसने विश्व को पुनर्स्थापित करने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि योगा कोई शारीरिक क्रिया नहीं है या कोई धार्मिक क्रिया नहीं है यह आत्मा का मिलन है। उन्होंने कहा कि मेरे अनुसार योगा एक जरिया है जीवन को जीने का। पतंजलि ;षि द्वारा दिए गए योग के आठों चरण के बारे में बोलते हुए कहा कि जब हम योग की बात करते हैं तो हमें पतंजलि ;षि द्वारा बताए गए नियमों का पालन करना चाहिए। आज लोग उन नियमों को छोड़ छोड़ कर बातें करते हैं जो कि सही नहीं है। केवल योगासन करना ही योग नहीं है। अगर हमें अपने जीवन को संतुलन बनाना है तो हमें 8 नियमों को ध् यान में रखकर चरणबद्ध तरीके से योग को अपनाना चाहिए। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए वैश्विक योगा गुरु पदम श्री भारत भूषण जी ने योग के ऊपर बोलते हुए कहा कि योग हमें गंभीर नहीं बल्कि अनुशासित बनाता है। उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार महाभारत के युद्ध में जहां चारों तरफ युद्ध का भय, नकारात्मकता व्याप्त थी वहां पर भी एक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान बनी हुई थी। वह थे भगवान श्री कृष्ण क्योंकि वह हर परिस्थिति को उत्सव की तरह मनाते थे। उन्होंने बताया कि योग अपने आप में एक चमत्कार है आप सबको उसे अपनाना चाहिए। जब बहुत सारे व्यक्ति एक साथ बैठकर एक स्थान पर योग करते हैं तो वह सब एक दूसरे के हमेशा के लिए दोस्त बन जाते हैं और इसका परिणाम यह हुआ कि आज पूरा विश्व योग के माध्यम से भारत का दोस्त बन गया। आज से पहले बहुत सारे देशों ने भारत पर जोर जबस्ती से राज किया किंतु भारत ने अपनी विद्या, अपने प्रेम एवं योगा के माध्यम से दूसरे देश के लोगों के दिलों पर राज किया। उन्होंने शोभित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योगा उत्सव एवं उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन मनोचिकित्सक डॉ पूनम देवदत्त द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि योगा शिविर के अगले चरणों में पदम श्री नोफ अलमरवाई योगा कोच सऊदी अरब, योगा गुरु, डॉ सुरक्षित गोस्वामी, योगा गुरु श्री सोहन सोहम अयूर योगा आश्रम, योगिनी कलीजी संस्थापक त्रियोगा कैलिफोर्निया द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नेहा त्यागी, डॉ अनीता राठौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# यूपी में बीजेपी और आरएसएस का मिशन 2022

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जाने से पहले अब आरएसएसऔर बीजेपी का पूरा फोकस सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करना है। इसकी वजह कार्यकर्ताओं की नाराजगी और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर नहीं पहुंचना है। बीजेपी के शीर्ष नेताओं का कहना है कि हर जिले में अब मंत्रियों की जवाबदेही तय होगी और अगर उसके बाद भी कार्यकर्ताओं की शिकायत आई तो मंत्रियों के खिलाफ भी बड़ा एक्शन लिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों दिल्ली में हुई लंबी बैठकों के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी ने खुद ही पहल करते हुए असंतुष्ट और हाशिए पर खड़े नेताओं से बातचीत शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी एल संतोष, उत्तर प्रदेश बीजेपी




के यूपी प्रभारी राधा मोहन सिंह के लखनऊ दौरे और दिल्ली में हुई बैठकों के बाद अब संघ और बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व यूपी में ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। इन सभी नेताओं ने अपनी रिपोर्ट आरएसएस और बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व को सौंप दी थी। इन बैठकों के बाद ही अब यूपी में संगठन और सरकार के बीच पैदा हुई खाई को दूर करने की कवायद शुरू कर दी गई है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने के लिए तय होगी मंत्रियों की जवाबदेही यूपी में प्रभारी मंत्रियों को मिलेगी ज्यादा ताकत, संगठन और सरकार में बनाना होगा समन्वय दोबारा ऊपर तक शिकायत पहुंची तो प्रभारी मंत्रियों की होगी सरकार से छुट्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की समस्याओं के समाधान की हर संभव कोशिश की जाएगी बड़े नेताओं के लखनऊ दौरे के बाद जो बातें सामने आई थीं उसके मुताबिक, कार्यकर्ताओं की नाराजगी की वजह से ही ग्राउंड लेवल पर लोगों के बीच बीजेपी के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि केंद्र और राज्य की योजनाओं की जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। समय रहते इस पर फोकस करने के लिए ही मंत्रियों की जवाबदेही तय की जाएगी। पार्टी के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कहते हैं, मंत्रियों की यह पहली जिम्मेदारी है कि वे लोगों की समस्याओं के साथ ही साथ कार्यकर्ताओं की परेशानियों का भी निपटारा करें। इससे पार्टी को लोगों से कनेक्टिविटी बनाने में मदद मिलेगी। केंद्र और राज्य की योजनाओं को लोगों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। हालांकि यूपी सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा, संघ और पार्टी की तरफ से क्लियर मैसेज है कि अब यदि कार्यकर्ताओं की शिकायत संगठन में ऊपर तक पहुंची तो मंत्रियों पर कार्रवाई होनी तय है।

# औषधियुक्त पौधारोपण कर हर्बल वाटिका की स्थापना की

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** गांव सिकंदरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में दिया सामाजिक संस्था के तत्वावधान में हर्बल वाटिका की स्थापना की गई, जिसमें कई दर्जन औषधियुक्त पौधे लगाए गए तथा चिकित्साकर्मियों को उनकी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. आर.डी. गौड़, डॉ. परितोष मुदगल, डॉ. इतिखार अली अंसारी व दिया सामाजिक संस्था के सचिव अमित कुमार आदि ने आंवला, नीम, तुलसी, गिलोय, हार श्रृंगार, दालचीनी, इलायची, हल्दी, एलोवेरा आदि के दर्जनों औषधि युक्त पौधों को लगाया तथा पौधों की देखभाल और सुरक्षा हेतु अस्पताल स्टाफ को उनकी देखभाल करने के लिए संकल्प दिलाया गया। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने कहा कि दिया सामाजिक संस्था ने हर्बल वाटिका




की स्थापना कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। हमें सार्वजनिक स्थानों पर हर्बल वाटिका का निर्माण अवश्य करना चाहिए। पौधों का संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के संजीव मलिक, सुदेशपाल, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्रीति पाल, प्रियंका कुमारी, दुर्गेश शर्मा, प्रिया, स्वीटी आदि मौजूद रहे।

# जनपद के 2274 आगंनबाड़ी केंद्रों पर वजन सप्ताह का शुभारंभ

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से गुरुवार को जनपद के सभी 2274 आगंनबाड़ी कंद्रों पर वजन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह 24 जून तक चलेगा। वजन सप्ताह के दौरान वजन व लम्बाई, ऊंचाई मापते हुए सभी जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण श्रेणी अल्प वजन-आयु के अनुसार वजन, गंभीर अल्प वजन-वजन के अनुसार ऊंचाई, लम्बाई के अनुसार एकत्रित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने बताया कि पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए गुरुवार को 2274 आगंनबाड़ी केंद्रों पर वजन सप्ताह शुरू किया गया। कुपोषण से ग्रसित बच्चों में बाल्यावस्था की बीमारियां एवं उनसे होने वाली मृत्यु का खतरा अधिक बढ़ जाता है। कुपोषण की सबसे गम्भीर श्रेणी में सैम अतिकुपोषित, मैम कुपोषित व गम्भीर अल्प वजन के बच्चे आते हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए 24 जून तक जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के लिए वजन सप्ताह शुरू हुआ है। इस दौरान वजन व लम्बाई ऊंचाई लेते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पांच वर्ष के बच्चों की सूचना पोषण श्रेणी के अनुसार एकत्रित की जाएगी। इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों को भी चिन्हित किया जा रहा है। इस दौरान यदि किसी बच्चे का वजन उसकी आयु के मानक से कम होता है तो उसके स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाता है। उसे चिकित्सक के पास भेजकर उपचार कराया जाता है। बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति ज्यादा खराब होने पर उन्हें जिला मुख्यालय पर बने पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी में भर्ती कराया जाता है। उन्होने बताया कि 1 जुलाई से 2 अक्टूबर तक पोषण संवर्धन की ओर एक कदम 'संभव' अभियान चलाया जाएगा। वजन सप्ताह में चिन्हित किए गये सैम, मैम, गंभीर अल्प वजन बच्चों के लिए सघन सामुदायिक गतिविधियां द्धजैसे साप्ताहिक गृह भ्रमण, स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय उपचार, पोषण पुनर्वास केन्द्र, चिकित्सा इकाई में संदर्भनत्र्न आयोजित की जाएंगी। तीन माह के अभियान का मुख्य उद्देश्य सैम, मैम, गंभीर अल्प वजन वाले बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाना है। इसके लिए 20 से 25 सितम्बर के मध्य दोबारा वजन सप्ताह का आयोजन करते हुए प्रगति का निर्धारण किया जाएगा। इसके साथ ही कि जनपद की तीन आंगनबाड़ी, तीन मुख्य सेविका तथा तीन बाल विकास परियोजना अधिकारियों को शासन द्वारा पुरूस्कृत भी किया जायेगा।

# आरएसएस के भाग संपर्क प्रमुख हुए सम्मानित


भारत तिब्बत सहयोग मंच

( हमारा संकल्प • कैलाश मानसरोवर की मुक्ति • तिब्बत की आज़ादी • भारत की सुरक्षा )

Btsm भारत-तिब्बत सहयोग मंच

कोरोना वॉरियर्स

INDIA'S COVID SOLDIERS

नाम : श्री अंकुश
प्रदेश : उत्तर प्रदेश,मेरठ
संस्था : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
पद : संपर्क प्रमुख(भाग-6)मेरठ महानगर

कोरोना महामारी के समय आपके द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवा व सफल प्रयास ने मानवता के लिए कीर्तिमान स्थापित किया है। आपने एक योद्धा की तरह सेवा कर्म किए है जिसके लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आपको

" कोरोना योद्धा सम्मान पत्र "

से सम्मानित करता हैं।

हरजीत सिंह ग्रेवाल ( राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष )

पंकज गोयल ( राष्ट्रीय महामंत्री )

BTSMOfficial Official_BTSM btsm_official BTSM_OFFICIAL

Contact us on E-mail : btsmcentral@gmail.com

**मेरठ दर्पण- मेरठ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश के मार्गदर्शन के भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा आर०एस०एस० के भाग-6 के संपर्क प्रमुख अंकुश को कोरोना योद्धा सम्मान प्रतीक द्वारा सम्मानित किया गया। अंकुश ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर प्रथम लहर की तुलना मे अत्यंत ज्यादा जानलेवा साबित हुई। दूसरी लहर में लोगो के शरीर मे ओक्सिजन का स्तर गिर रहा था जिस कारण बहुत लोग असमय काल के गाल में समा गये उन्हें मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं इस कठिन समय मे जरूरतमंद व्यक्तियों को अपने स्वयंसेवक साथियों की मदद से अश्वक्सीजन सिलेंडर, जरूरत की दवाइयां, अस्पताल में भर्ती कराना, राशन, मास्क, सैनीटाइजर, आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण, क्षेत्र में लोगो के वैक्सीन के रजिस्ट्रेशन कराना व वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किये जाने जैसे कार्य किये। आपको बताते चले कि पिछली लहर के दौरान उनके घर के सामने किसी अनजान व्यक्ति द्वारा एक पशु के पैर पर दोपहिया वाहन चढ़ा दिया गया था जिस कारण उसके पैर की हड्डियां टूट गयी थी तभी उस पशु को चिकित्सक के पास ले जाकर उसका इलाज कराया व लगभग 1 माह तक घर रखकर उसकी सेवा की। कहा कि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ,राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल , युवा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार व युवा विभाग के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशांक गुप्ता द्वारा कोरोना महामारी में मेरे द्वारा मानव हित मे किये गए सेवा कार्यो को सराहा गया व मुझे नि:स्वार्थ भाव से स्वयं के द्वारा किये गए सेवाकार्यों के लियेकोरोना योद्धा सम्मान पत्र्र द्वारा सम्मनित किया गया। इस सम्मान प्रतीक को पाकर मैं स्वयं को गौरवशाली महसूस करता हूं व सभी पदाधिकारियो का आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

# ककरौली थानाध्यक्ष को स्टाफ ने दी विदाई



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** ककरौली थानाध्यक्ष मुकेश सोलंकी का रामराज थाने पर स्थानांतरण होने पर समस्त स्टाफ द्वारा विदाई दी गयी व नए थानाध्यक्ष का स्वागत किया गया। ककरौली थानाध्यक्ष मुकेश सोलंकी को समस्त स्टाफ द्वारा विदाई दी गयी व उनकी कार्यशैली, कुशल व्यवहार की प्रशंसा की गयी। नवागन्तुक थानाध्यक्ष सुदेश कुमार का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। क्षेत्राधिकारी भोपा गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि कोरोना महामारी के संक्रमण काल में अपने दायित्वों का निर्वाह करना। स्वयं को बचाकर दूसरों की रक्षा करना, अपराध पर नियंत्रण, फरियादी के साथ उचित व्यवहार पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है। इस दौरान मुख्य रूप से उपनिरीक्षक आनन्द कुमार, महेन्द्र त्यागी, मुकेश गौतम, मौ. सदीम, नितिन शर्मा, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर के थाना जानसठ क्षेत्र में कवाल गांव के निकट ओवरटेक करते हुए दूध से भरा टैंकर पलटा चालक परिचालक हुए घायल





**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के एसडीम सदर दीपक कुमार द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही उत्तराखंड से ओवरलोड होकर आ रहे एवं रेल्टी के बिना ट्रक आने की शिकायत पर ट्रक यह गई थी साथ में एआरटीओ और पुलिस बल रहा मौजूद।

## मुजफ्फरनगर पुलिस का जलवा कायम खतौली पुलिस ने मुठभेड़ में अवैध शस्त्र व 8 बाइक सहित किया शातिर वाहन चोर गिरफ्तार




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक यादव इस शानदार कुशल कार्यप्रणाली के चलते हुए पुलिस का बदमाशों पर शिकंजा लगातार जारी है यही कारण है अब बदमाश पुलिस के चंगुल से नहीं बच पा रहे हैं मुजफ्फरनगर की खतौली पुलिस ने थाना खतौली क्षेत्र के अलकनंदा पुल पर मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है और पुलिस और बदमाशो के बीच मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय वाहन चोर सादाब उर्फ जोनी गिरफ्तार किया गया है जिसके पास मौके से 01 देशी तमंचा,01जिंदा कारतूस व खोखा सहित चोरी की 08 बाइक बरामद की है शातिर वाहन चोर दिल्ली गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर अन्य कई जिलों में कई वारदात को अंजाम दे चुका है और शातिर बदमाश के विरुद्ध कई थानों में अपराध के मुकदमे भी दर्ज है।

## राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुई पल्लवी को स्टाल पहनाकर दी गई शुभकामनाएं



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** नगर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने यूपीपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुई मुजफ्फरनगर की बेटी कुमारी पल्लवी बानिया पाल को उनके घर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। मंत्री कपिल देव स्थानीय कचहरी में प्रैक्टिस करने वाले किरण पाल एडवोकेट के आवास पर पहुंचे और उन्होंने उनकी पुत्री कुमारी पल्लवी बानिया पाल जो यूपीपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुई हैं, उन्हें सफलता की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री ने कुमारी पल्लवी बानिया पाल को स्टश्वल ओढाया और पट्टिका पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा कि कुमारी पल्लवी बानिया पाल ने नायब तहसीलदार के पद पर चयनित होकर पाल समाज और अपने माता – पिता का ही नहीं बल्कि समूचे जनपद मुजफ्फरनगर के सभी समाज के लोगों का मान बढ़ाया है। उन्होंने आम जनमानस से आह्वान किया है कि वे अपनी बेटियों को बेटों की तरह पाल-पोसकर बड़ा करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा दिलाएं।

बेटियां आज सभी क्षेत्रों में शानदार कामयाबी हासिल कर सफलता के नये आयाम स्थापित करते हुए अपना और अपने परिजनों के साथ समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। मंत्री कपिल देव ने पल्लवी पाल के माता-पिता को भी बेटी की कामयाबी की शुभकामनाएं दी हैं।

## विधानसभा चुनाव को लेकर बिछने लगी चुनावी बिसात



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।**आरएलडी प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी ने नगर अध्यक्ष सुल्तान राव के आवास पर जानसठ पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आमजन से अपील की है कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में आरएलडी के पक्ष में मतदान करें। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद अगली सरकार उनकी पार्टी और गठबंधन की बनेगी। अभिषेक चौधरी ने कहा कि आरएलडी मुखिया जयंत चौधरी किसान मजदूरों के सच्चे हितैषी है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान मजदूर विरोधी सरकार है और लगभग 7 माह बीत जाने के बाद भी धरनारत किसानों की सुध लेने को तैयार नहीं है उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष डॉक्टर सुलतान राव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है और उन्होंने गैस सिलेंडर के मूल्य वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल खाद बीज एवं खाद्य पदार्थों में हो रही बेतहाशा वृद्धि को लेकर जमकर भाजपा सरकार को कोसा डॉ सुल्तान राव ने कहा कि प्रदेश मैं बहन बेटी भी सुरक्षित नहीं है इस दौरान मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष डॉक्टर सुलतान राव मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राव सरफराज शौकीन राजपूत मुस्तकीम अब्बास अली युसूफ उर्फ चिन्नी आदि मौजूद रहे।

## जिला पंचायत सदस्य की करतूत अब डीएम को बताई

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** ककरौली निवासी गौ हत्यारे शाहनवाज के विरुद्ध अपनी मुहिम को तेज करते हुए क्रांति सेना आज डीएम के दरबार तक पहुंच गई। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे से मुलाकात कर उनके सामने शाहनवाज की करतूतों का सारा चिटठा एक एक करके खोलकर रखा। बृहस्पतिवार को क्रांति सेना पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत सदस्य शाहनवाज के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम को गति देते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा और वहां जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे से मुलाकात की। इस दौरान क्रांतिसेना के प्रतिनिधिमंडल ने शाहनवाज के विरुद्ध अब तक कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगभग 10 महीने पहले गौ हत्यारे शाहनवाज के काले चिट्ठे एवं उसके द्वारा अपराधिक कृत्यों से की गई काली कमाई के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। क्रांति सेना के महासचिव मनोज सैनी ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों के सवालों का जिलाधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। उन्होंने कहा कि अब शाहनवाज व उसके राजनीतिक शरण दाता बीजेपी नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही न होने तक आंदोलन जारी रहेगा! इस प्रकरण में आगे की रूपरेखा क्रांति सेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा से विचार विमर्श कर तय की जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से क्रांति सेना महासचिव मनोज सैनी, पूर्व जिलाअध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला महासचिव देवेंद्र चौहान, राजेश कश्यप, नगर अध्यक्ष लोकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया कोविड-19 कैंप वैक्सीनेशन का निरीक्षण

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम सेल्वा कुमारी जे. ने मोरना ब्लॉक के गांवों में चल रहे वैक्सीनेशन कैंपो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक भी किया।बृहस्पतिवार को डीएम सेल्वा कुमारी जे. ने मोरना ब्लॉक के गांव बिहारगढ़ व खरपौड़ में चल रहे कोविड-19 के वैक्सीनेशन कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां मौजूद ग्रामीणों से वैक्सीन लगाने का अनुरोध किया तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। जिलाधिकारी ब्लॉक के गांव बिहारगढ़ में पहुंची और अधिकारियों को आबश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद जिलाधिकारी मोरना ब्लॉक के गांव खरपौड पहुंची, जहां उन्होंने वैक्सीन कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान जानसठ उप जिला




अधिकारी जयेंद्र कुमार ने सभी ग्रामवासियों से वैक्सीन लगवाने का अनुरोध किया और कहा कि जो लोग अफवाह फैला रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सी.एम.ओ. डॉ महावीर सिंह फौजदार, मोरना पीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह, लेखपाल ललित कुमार, ग्राम प्रधान घसीटा सिंह आदि मौजूद रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।